# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.06.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, राष्ट्रीय सहारा, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़, स्टेट मीडिया संवाददाता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 28.06.2024

### वीडीए में हुआ मानचित्र सुविधा सेल का गठन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने भवन स्वामियों की सुविधा के लिए एक और पहल की है। उन्होंने बताया कि भवन स्वामियों को नक्शा पास कराने में कोई परेशानी नहीं हो, जल्द से जल्द स्वीकृत हों इसके लिए मानचित्र सुविधा सेल नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में गठित किया है। यहां मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए भवन स्वामी को जानकारी दी कि कैसे आवेदन करें, किन-किन विभागों से एनओसी लेनी पड़ेगी, कितना शुल्क आएगा। कितने दिनों में मानचित्र स्वीकृत हो जाएगा इसके बारे में भी जानकारी मिलेगी।

### तीन भवनों का नक्शा पास

जागरण संवाददाता, वाराणसी : आचार संहिता खत्म होने के बाद भवन स्वामियों की सुविधा के लिए वीडीए सभागार में नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैंप में गुरुवार को तीन भवनों का मानचित्र स्वीकृत हुआ। संयुक्त सचिव परमानंद यादव ने बताया कि कैंप में 131 लोग आए और 109 प्रकरण की सुनवाई की गई। नियोजन अनुभाग से 20, सीलिंग से 15 अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया। 21 मानचित्रों की गणना की गई जिसमें तीन करोड़, 38 लाख 67 हजार 921 अधिरोपित किया गया।

## दैनिक जागरण–दि0 28.06.2024

### वीडीए में मानचित्र सुविधा सेल बनी

वाराणसी। वीडीए ने मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया और सरल बनाने के लिए नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल बनी। यहां भवनस्वामियों को मानचित्र स्वीकृति के संबंध में जानकारी मिलेगी और समस्या समाधान होगा।

**वीडीए कोष में 59 लाख रुपये जमा:** वीडीए सभागार में गुरुवार को कैम्प लगा। इसमें मानचित्र निस्तारण के 20, सीलिंग संबंधी 15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हुए। मानचित्र शुल्क मद में 59.23 लाख जमा कराए गए। कैम्प में संयुक्त सचिव परमानन्द यादव समेत जोनल अधिकारी मौजूद रहे।

## अमर उजाला–दि0 28.06.2024

### वीडीए में बनाई गई मानचित्र सुविधा सेल

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के आदेश पर मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को और सरल किया गया है। नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल (एफएफसी) का गठन किया गया। मानचित्र सुविधा सेल में कार्यरत कार्मिक सुबह 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तक कार्यालय कक्ष संख्या 38 में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सरल बनाना है। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 28.06.2024

### वीडीए के कैंप में 109 नोटिस की हुई सुनवाई

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अगुवाई में बृहस्पतिवार को नोटिस पर सुनवाई और मानचित्र निस्तारण कैंप लगाया गया। इसमें 131 लोग आए। 109 के नोटिस की सुनवाई हुई। कैंप में नियोजन अनुभाग की ओर से 20 और सीलिंग अनुभाग की ओर से 15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैंप में कुल 3 नये शमन मानचित्र के आवेदन आए। पूर्व में दाखिल 21 मानचित्रों की गणना की गई। मानचित्र शुल्क के मद में 3,38,67,921 रुपये लगाए गए। इस दौरान 5,92,33,680 रुपये जमा कराए। कैंप में संयुक्त सचिव परमानंद यादव के नेतृत्व में जोनल अधिकारी और अभियंता रहे। ब्यूरो

### वीडीए ने होलापुर में ध्वस्त करवाई अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बृहस्पतिवार को अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करवाई गई। शिवपुर के होलापुर में विनीत पांडेय की ओर से 20 बीघे में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्लॉटों की चहारदीवारी, रास्ते, गेट को प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के साथ ध्वस्त करवाया। इस पर अवैध प्लॉटिंग का साइन बोर्ड लगाया गया। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 28.06.2024

### वीडीए में मानचित्र सुविधा सेल बनी

**वाराणसी।** वीडीए ने मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया और सरल बनाने के लिए नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल बनी। यहां भवनस्वामियों को मानचित्र स्वीकृति के संबंध में जानकारी मिलेगी और समस्या समाधान होगा।

**वीडीए कोष में 59 लाख रुपये जमा:** वीडीए सभागार में गुरुवार को कैम्प लगां। इसमें मानचित्र निस्तारण के 20, सीलिंग संबंधी 15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हुए। मानचित्र शुल्क मद में 59.23 लाख जमा कराए गए। कैम्प में संयुक्त सचिव परमानन्द यादव समेत जोनल अधिकारी मौजूद रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 28.06.2024

## विप्रामें मानचित्र सुविधा सेल गठित

वाराणसी विकास प्राधिकरणके उपाध्यक्ष पुलकित गर्गके निर्देशपर मानचित्र स्वीकृतकी प्रक्रियाको सरल और सुगम बनानेका प्रयास किया जायेगा। इसके लिए 'मानचित्र सुविधा सेलका गठन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य मानचित्र स्वीकृत प्रक्रियाको सरल बनाना जनसामान्यको जानकारी देना और उनकी हर प्रकारकी सहायता करना। समय सीमाके बारेमें इस पर जानकारी एवं पारदर्शिता बनाये रखना भी इसका उद्देश्य है। इसके लिए प्रतिदिन प्रातः दस बजेसे मध्याह्न १२ बजे तक कक्ष संख्या ३८ में नागरिक उपस्थित होकर मानचित्र निस्तारणपर स्वीकृति प्रदान करनेके लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

आज–दि0 28.06.2024

## शिवपुर में प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोन एक शिवपुर में मौजा होलापुर में ले-आउट के स्वीकृत बिना २० बीघा जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी। यहां तक की प्लाटों पर चार दिवारी, रास्ते में गेट बनवाया गया था। शिकायत के आधार पर अवर अभियंता पहुंचे और उन्होंने इसकी पुष्टि की। अधिकारियों के निर्देश पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, प्रभारी प्रवर्तन देवेराम गुप्ता, सहायक अभियंता अमृश कुमार शर्मा, सुपर वाइजर और शिवपुर थाने की पुलिस की सहयोग से प्रवर्तन दल ने जेसीबी के माध्यम से प्लाटिंग पर किये गये निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।

आज–दि0 28.06.2024

## मानचित्र कैम्प में विप्रा को ५९ लाख रुपये का हुआ लाभ

विप्रा उपाध्याक्ष के निर्देश पर गुरूवार को नोटिस एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें नियोजन अनुभाग के २०, सीलिंग अनुभाग के १५ प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैम्प में कुल नये तीन मानचित्र आवेदन किये गये। इस प्रकार कुल २१ मानचित्रों की गणना की गये, जिसमें विप्रा को ३,३८,६७,९२१ रुपये विप्रा को प्राप्त हुआ। मानचित्र शुल्क मध्य में कुल ५९ लाख २३ हजार ३६८ शुल्क जमा किये गये। मानचित्र में नोटिस में कुल ३१ लोग आये थे १०५ नोटिस की सुनवाई की गयी। सुनवाई में संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, पांच जोनल के अधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.06.2024

### अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए की प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। शिवपुर मौजा होलापुर, थाना शिवपुर में बिना ले-आउट पास कराये विनीत पाण्डेय, बृजेश सिंह एवं अन्य द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध गुरुवार को प्लॉटों की चाहारदीवारी, रास्ते एवं गेट को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया तथा स्थल पर अवैध प्लॉटिंग का साइन बोर्ड लगा दिया गया है।


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.06.2024


### वीडीए में अब एक ही टेबल पर मानचित्र संबंधी समस्त जानकारी मिलेगी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**वाराणसी।**

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, त्वरित, सुगम एवं सरल बनान के लिए नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल का गठन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सरल बनाना, जन-सामान्य को अद्यतन सूचना/मानको से अवगत कराना, सहायता प्रदान करना एवं समय-सीमा के बारे स्पष्ट जानकारी देकर पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। मानिचत्र सुविधा सेल में कार्यरत कार्मिक प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक कार्यालय कक्ष संख्या-38 में उपस्थित रहकर एवं जनता/निर्माणकर्ता से संवाद/ विचार-विमर्श कर मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने का कार्य करेंगें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.06.2024

### वीडीए कैंप में 109 नोटिस प्रकरणों में हुई सुनवाई

**वाराणसी।** वीडीए के सभागार में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश के क्रम में 'नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प' का आयोजन किया गया। कैम्प में मानिचत्र निस्तारण के संदर्भ में नियोजन अनुभाग द्वारा कुल-20, सीलिंग अनुभाग द्वारा कुल-15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैम्प में कुल-तीन नये शमन मानिचत्र आवेदन प्राप्त हुए। वाराणसी विकास प्राधिकरण में पूर्व में दाखिल किये गये कुल मानिचत्रों के सापेक्ष कैम्प 21 मानिचत्र की गणना की गयी, जिसमें कुल आरोपित मानिचत्र शुल्क रु. 3,38,67,921 अधिरोपित किया गया। कैम्प अवधि के दौरान मानिचत्र शुल्क के मद में कुल रु. 59,23,368 प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। कैम्प में मानिचत्र एवं नोटिस के संबंध में की सुनवाई के दौरान कुल-131 लोग आए। कैंप में 109 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.06.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष "नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प" का आयोजन


वाराणसी। कैम्प में मानचित्र निस्तारण के सन्दर्भ में नियोजन अनुभाग द्वारा कुल-20, सीलिंग अनुभाग द्वारा कुल-15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैम्प में कुल-03 नये शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। वाराणसी विकास प्राधिकरण में पूर्व में दाखिल किये गये कुल मानचित्रों के सापेक्ष कैम्प 21 मानचित्र की गणना की गयी , जिसमें कुल आरोपित मानचित्र शुल्क रू0 3,38,67,921 अधिरोपित किया गया। कैम्प अवधि के दौरान मानचित्र शुल्क के मद में कुल रू0 59,23,368 प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। कैम्प में मानचित्र एवं नोटिस के सम्बन्ध में की सुनवाई के दौरान कुल-131 लोग आए द्य कैंप में 109 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी। कैम्प में संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव के नेतृत्व में, 05 जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियन्तागण, लिपिकगण सहित नियोजन, आवासि, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के कार्मिकगण उपस्थित रहें।

आगामी सप्ताह में प्राधिकरण द्वारा शमन मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण प्रभावी रूप से सुनिश्चित् किये जाने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में प्रत्येक बृहस्पतिवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजित किया जायेगा ।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.06.2024

# अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड-शिवपुर में गुरूवार को मौजा होलापुर, थाना शिवपुर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये विनीत पाण्डेय,बृजेश सिंह एवं अन्य द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज 27 जून 2024 को प्लॉटों की चारदीवारी, रास्ते एवं गेट को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया तथा स्थल पर अवैध प्लॉटिंग का साइन बोर्ड लगा दिया गया है। मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, प्रभारी प्रवर्तन देवेश राम गुप्ता ,सहायक अभियंता अंबरीश कुमार शर्मा सहित समस्त सुपरवाइजर एवं थाना शिवपुर का पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले0आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।



## न्यायाधीश–दि0 28.06.2024

# नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प'' का किया गया आयोजन



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष महोदय के निर्देश के क्रम मे ''नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प'' का आयोजन किया गया। कैम्प में मानचित्र निस्तारण के सन्दर्भ में नियोजन अनुभाग द्वारा कुल-20, सीलिंग अनुभाग द्वारा कुल-15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। कैम्प में कुल-03 नये शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए। वाराणसी विकास प्राधिकरण में पूर्व में दाखिल किये गये कुल मानचित्रों के सापेक्ष कैम्प 21 मानचित्र की गणना की गयी , जिसमें कुल आरोपित मानचित्र शुल्क रू0 3,38,67,921 अधिरोपित किया गया। कैम्प अवधि के दौरान मानचित्र शुल्क के मद में कुल रू0 59,23,368 प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया। कैम्प में मानचित्र एवं नोटिस के सम्बन्ध में की सुनवाई के दौरान कुल-131 लोग आए । कैंप में 109 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी। कैम्प में संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव के नेतृत्व में, 05 जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियन्तागण, लिपिकगण सहित नियोजन, आवाप्ति, सीलिंग एवं विधि अनुभाग के कार्मिकगण उपस्थित रहें।आगामी सप्ताह में प्राधिकरण द्वारा शमन मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण प्रभावी रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में प्रत्येक बृहस्पतिवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजित किया जायेगा।

## न्यायाधीश—दि0 28.06.2024

# अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा 27 जून को अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत मौजा होलापुर, थाना शिवपुर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये विनीत पाण्डेय,बृजेश सिंह एवं अन्य द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज 27 जून 2024 को प्लॉटों की चारदीवारी, रास्ते एवं गेट को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया तथा स्थल पर अवैध प्लॉटिंग का साइन बोर्ड लगा दिया गया है।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, प्रभारी प्रवर्तन देवेश राम गुप्ता ,सहायक अभियंता अंबरीश कुमार शर्मा सहित समस्त सुपरवाइजर एवं थाना शिवपुर का पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले0आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### अब एक ही टेबल पर मानचित्र संबंधी समस्त जानकारी होगी प्राप्त

वाराणसी।वाविप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, त्वरित, सुगम एवं सरल बनाने हेतु नगर नियोजक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मानचित्र सुविधा सेल (Map Facilitation Cell)' का गठन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सरल बनाना, जन-सामान्य को अद्यतन सूचना/मानको से अवगत कराना, सहायता प्रदान करना एवं समय-सीमा के बारे स्पष्ट जानकारी देकर पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। मानचित्र सुविधा सेल में कार्यरत कार्मिक प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय कक्ष संख्या-38 में उपस्थित रहकर एवं जनता / निर्माणकर्ता से संवाद/विचार-विमर्श कर मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने का कार्य करेंगे।

## तरूणमित्र न्यूज—दि0 28.06.2024

# टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज लॉंच

### चैलेंज में वाराणसी को विश्व के तीन शहरों में चुना गया

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** कैंटोनमेंट स्थित होटल में टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को आयोजित सस्टेनेबल सिटी चैलेंज का लॉन्च इवेंट किया गया। टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन द्वारा सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के हिस्से के रूप में 9 मिलियन डॉलर की फंडिंग की जाएगी। वाराणसी में औसतन 7 करोड़ से अधिक पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। शहर को सुरक्षित बनाने के लिए डेटा ऑपरेटेड समाधान हेतु इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे काशी आना और भी सुगम हो सके।

सस्टेनेबल सिटी चैलेंज के माध्यम से वाराणसी दुनिया भर के इनोवेटर्स को आमंत्रित कर रहा है जो भीड़ प्रबंधन समाधान विकसित करेंगे, जिससे आगंतुकों का समायोजन आसान होगा और शहर के निवासियों और पर्यटकों के लिए शहर को अधिक सुरक्षित और सुलभ बनाया जा सकेगा।महापौर अशोक तिवारी ने बताया कि धर्म एवं अध्यात्म की नगरी काशी में श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों की सुविधा हेतु टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन द्वारा सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में काशी का चयन हम सभी केलिए हर्ष का विषय है। वाराणसी नगर निगम एवं वाराणसी स्मार्ट सिटी के साथ नवीन आयाम प्रास करेंगे।नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा, हम सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज में शामिल होने के लिए गर्वित हैं। हमारा प्रयास है कि काशी को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। प्रस गणेश, कार्यक्रम निदेशक, टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के कार्यकारी, ने कहा, हम गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हम विश्व के सबसे पवित्र और ऐतिहासिक शहरों में से एक में सिटी चैलेंज पर काम करेंगे, जिसमें दुनिया भर के इनोवेटर्स शहर में गतिशीलता समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं।कैथी नॉथस्टाइन, निदेशक, चैलेंज वर्क्स शहरों और समाज, ने कहा, धार्मिक पर्यटन के एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में, सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज एक वैश्विक आमंत्रण है जो अभिनव समाधानों के लिए है, और इसका मतलब है कि दुनिया भर के लोग इसमें भाग ले सकते हैं जिससे शहर को और बेहतर बनाया जा सके।उक्त कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नगपाल समेत वाराणसी नगर निगम, वाराणसी स्मार्ट सिटी, वर्ल्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, चैलेंज वर्क्स के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते महापौर अशोक तिवारी, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, वीडीए वीसी पुलकित गर्ग व अन्य

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

स्टेट मीडिया संवाददाता–दि0 28.06.2024

## नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प का आयोजन



वाराणसी (स्टेट मीडिया संवाददाता)। सभागार में कैम्प मानचित्र निस्तारण के सन्दर्भ में नियोजन अनुभाग द्वारा कुल-20,सीलिंग अनुभाग द्वारा कुल-15 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया कैम्प में कुल-03 नये शमन मानचित्र आवेदन प्राप्त आया वाराणसी विकास प्राधिकरण में पूर्व में दाखिल किये गये कुल मानचित्रों के सापेक्ष कैम्प 21 मानचित्र की गणना की गयी जिसमें कुल आरोपित मानचित्र शुल्क रू0 3,38,67,921 अधिरोपित किया गया कैम्प अवधि के दौरान मानचित्र शुल्क के मद में कुल रू0 59,23,368 प्राधिकरण कोष में जमा कराया गया कैम्प में मानचित्र एवं नोटिस के सम्बन्ध में की सुनवाई के दौरान कुल-131 लोग आए कैंप में 109 नोटिस प्रकरणों में सुनवाई की गयी कैम्प में संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव के नेतृत्व में,05 जोनों के जोनल अधिकारी,अवर अभियन्तागण लिपिकगण सहित नियोजन आवाप्ति सीलिंग एवं विधि अनुभाग के कार्मिकगण उपस्थित रहें। आगामी सप्ताह में प्राधिकरण द्वारा शमन मानचित्रों एवं नोटिसों के निस्तारण प्रभावी रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में प्रत्येक बृहस्पतिवार को नोटिस सुनवाई एवं मानचित्र निस्तारण कैम्प आयोजित किया जायेगा।